# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार मंडल को दी श्रद्धांजलि।**
2. **सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी को स्नातक से उच्च डिग्रीधारकों को भी फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति प्रकिया में शामिल करने का दिया आदेश।**
3. **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गोवा शिपयार्ड की ओर से निर्मित जंगी जहाज तवास्य देश को किया समर्पित।**
4. **वित्त मंत्रालय और बैंक यूनियन के बीच सकारात्मक वार्ता के बाद बैंकों की 24 और 25 मार्च की राष्ट्रव्यापी हड़ताल टली।**
5. **खूंटी जिले के छात्र सुधीर सांगा ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित रुमिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण।**

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट की घटना में शहीद सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार मंडल के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 133वीं सीआरपीएफ बटालियन, धुर्वा में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा– जवान सुनील कुमार मंडल का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। राज्यपाल ने शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जवान की शहादत बेकार नहीं जायेगी।

********************

सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड में स्नातक से उच्च डिग्रीधारकों को भी फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति प्रक्रिया में दोबारा शामिल करने का आदेश राज्य सरकार और जेपीएससी को दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने फैसले में कहा कि उच्च योग्यता रखने वाले किसी भी अभ्यर्थी को केवल इसलिए रिजेक्ट नहीं किया जा सकता कि किसी विशेष पद के लिए कम योग्यता की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि यदि रिक्तियां नहीं हों तो प्रार्थियों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त पदों का सृजन करें।

********************

राज्य सरकार ने नीट, जेइई–मेंस और सीयूईटी सहित अन्य परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए जिला और राज्यस्तरीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी मुख्य सचिव, डीजीपी और एनटीए के डीजी के बीच समन्वय स्थापित करेगी। राज्यस्तीय कमेटी का नोडल अफसर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह को बनाया गया है। कमेटी में आइजी अभियान एवी होमकर, कर्नल विजय कुमार, आईजी प्रभात कुमार और उच्च शिक्षा निदेशक राम निवास यादव भी शामिल किये गये हैं। वहीं जिलों में उपायुक्त कमेटी के अध्यक्ष होंगे।

********************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने गोवा शिपयार्ड की ओर से निर्मित जंगी जहाज **तवास्य** को देश को समर्पित किया। अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित इस जहाज से समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। इस जहाज का निर्माण 7000 करोड़ से अधिक की लागत से भारत में किया गया है।

********************

वित्त मंत्रालय और बैंक यूनियन के बीच सकारात्मक वार्ता के बाद बैंकों की 24 और 25 मार्च की राष्ट्रव्यापी हड़ताल स्थगित हो गयी है। नई दिल्ली में मुख्य श्रम आयुक्त की मध्यस्थता में आयोजित बैठक में बैंक यूनियनों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद हड़ताल स्थगित कर दिया गया। अगली बैठक 22 अप्रैल को होगी, जहां उनकी मांगों पर चर्चा की जायेगी।

********************

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के लिए आंदोलन करने वालों को ही पेंशन, नौकरी और क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिलेगा। वनांचल या अन्य मांगों को लेकर आंदोलन करने वालों को कोई लाभ नहीं दिया जायेगा। इससे पहले भाजपा विधायक अमित कुमार यादव ने सवाल उठाया था कि वनांचल के नाम पर आंदोलन करने वालों को लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है।

********************

कोडरमा से लापता कोलकाता के व्यवसायी और शेयर ब्रोकर सुमित दाहिमा का छह दिन बाद भी कोई पता नहीं चल पाया है। उनके परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जतायी है। बता दें कि 17 मार्च को सुमित दाहिमा कोडरमा पहुंचने के बाद संदेहास्पद स्थिति में लापता हो गए थे।

********************

लोहरदगा ज़िले में वाटरशेड विकास घटक–प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे किसान बहुफसलीय खेती कर आमदनी बढ़ा रहे हैं और दूसरे किसानों के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं।

लाभुक किसानों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से अब उन्हें सिंचाई के लिए कोई परेशानी नहीं होती है।

********************

सहिबगंज जिले में पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए योग्य किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में एक स्कूल की जर्जर छत गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दूधी टांड़ में क्षतिग्रस्त भवन को मजदूर तोड़ रहे थे। इस क्रम में छत गिरने से मलबे में पांच लोग दब गए, लेकिन 3 को बचा लिया गया, जबकि दो की मौत हो गयी।

********************

- आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी उपायुक्तों से अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और वज्रपात से हुई क्षति की अधियाचना दो दिनों के भीतर भेजने का निर्देश दिया है, ताकि प्रभावित परिवारों को अनुग्रह अनुदान जल्द उपलब्ध कराया जा सके।
- गिरिडीह के बगोदर में जीटी रोड पर तेज रफ्तार आइसक्रीम लदा कंटेनर डिवाइडर से टकरा गया जिससे कंटेनर में आग लग गई। इस आग की चपेट में पास में खड़ा कंटेनर भी आ गया और यह कंटेनर भी जलने लगा।
- रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने सुगिया एवं गोबरदाहा क्षेत्र में कोयले के अवैध मुहानों को बंद करने का निर्देश दिया है।

********************

रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जायेगा।

आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित रुमिनी नेशनल तीरंदाजी–प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच खूंटी जिले के सुधीर सांगा ने अपने सटीक निशाने से सभी को प्रभावित किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

***********समाप्त**************